1.5

## NOTE FOR JUSTIFICATION

**परियोजना का नाम :–** **जनपद अल्मोड़ा में विकास खण्ड स्याल्दे में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज–8 के अन्तर्गत देघाट से लालनगरी मोटर मार्ग का नव निर्माण।**
**लम्बाई :–** **13.650 किमी0।**

जनपद अल्मोड़ा में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अन्तर्गत देघाट से लालनगरी मोटर मार्ग का नव निर्माण हेतु शासनादेश संख्या 910/पी01–18 /यू0आर0आर0डी0ए0 /05 दिनांक 21.06.06 द्वारा 13.650 किमी0 लम्बाई हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है, जिसके क्रम में उक्त मोटर मार्ग का निर्माण कराया जाना है।

यह मार्ग देघाट नामक स्थान से प्रारम्भ होकर लालनगरी तक जाता है। यह मार्ग पूर्ण लम्बाई वन पंचायत भूमि एवं नाप भूमि से होकर गुजरता है।

इस मार्ग के निर्माण से ग्राम सभा लालनगरी एवं आस–पास के क्षेत्र की लगभग 1200 आबादी की जनसंख्या लाभान्वित होगी।

इस मार्ग के निर्माण हेतु 9.00 मी0 चौड़ाई तथा 4.270 किमी0 लम्बाई में सिविल एवं सोयम वन भूमि एवं आरक्षित वन भूमि आती है।

मार्ग 7.00 मी0 की चौड़ाई में किया जायेगा, चूँकि समस्त ग्रामवासियों के साथ विचार–विमर्श कर एवं पेड़ो की संख्या न्यूनतम रखते हुए क्षेत्र की जनता को अधिकतम लाभ देते हुए एवं क्षेत्रवासियों की लगभग मॉगानुसार यह समरेखन तैयार किया गया है। जिस पर पर्यावरण को न्यूनतम नुकसान एवं क्षेत्रवासियों को कोई आपत्ति न होने के कारण इस समरेखन से अच्छा कोई विकल्प नही होने के कारण समरेखन पर सहमति बनी है। चूँकि मार्ग पहाड़ी उबड़–खाबड़ स्थलों से गुजरता है एवं बिना वन भूमि को उपयोग में लाये बिना मार्ग को केवल अन्य भूमि से निर्मित कर ले जाना प्राकृतिक अनुसार सम्भव नही है।

अतः प्रस्ताव पुनः प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुसार गठित कर स्वीकृति हेतु प्रेषित किये जा रहे है।

(आर0पी0पाण्डेय)
सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 सल्ट

(चन्द्रपाल सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 सल्ट

C:\Documents and Settings\wipro\Desktop\Prem Pal Sing Amin\Degaht-lalnagari MR 1.doc